तर्कों की बाज़ीगरी, विचारों का तूफान,
किया है सबको तूने हैरान।
जीत की है ये नई पहचान,
आगे बढ़ना है यही दुआओं का पैगाम।विद्यालय का बढ़ाया मान,
खुशियों से भर गया है जहान।

विद्यालय रिपोर्ट: हिंदी वाद-विवाद प्रतियोगिता में प्रथम स्थान प्राप्त

समस्त विद्यालय परिवार के लिए यह अत्यंत गर्व का विषय है कि हमारे कक्षा ग्यारहवीं एस-1 के छात्र एस एम अफनान ने हिंदी वाद-विवाद प्रतियोगिता में प्रथम स्थान प्राप्त किया है। यह प्रतियोगिता रवींद्रनाथ वर्ल्ड स्कूल,गुरुग्राम में 23 अगस्त,2024 को आयोजित की गई थी, जिसमें 16 विद्यालयों के 32 प्रतिभागियों ने भाग लिया।

प्रतियोगिता का विषय "कृत्रिम बुद्धिमत्ता मानव के लिए वरदान है या अभिशाप" था। अफनान ने अपने तर्कों और विचारों को प्रभावशाली ढंग से प्रस्तुत किया, जिससे न केवल निर्णायक मंडल बल्कि सभी उपस्थित लोगों को भी प्रभावित किया। उनके तर्कसंगत विचार, भाषण की शैली, और विषय पर गहरी पकड़ ने उन्हें विजेता के रूप में उभरने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई।

विद्यालय की ओर से अफनान और समस्त हिंदी विभाग को इस उल्लेखनीय उपलब्धि के लिए हार्दिक बधाई दी जाती है। विद्यालय परिवार को उनके इस उत्कृष्ट प्रदर्शन पर गर्व है। हमें विश्वास है कि वे भविष्य में भी इसी तरह विद्यालय का नाम रोशन करते रहेंगे।

विद्यालय के प्रधानाचार्य श्री अखिलेश चंद्र चतुर्वेदी एवं शिक्षकों और समस्त विद्यालय परिवार ने अफनान को उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएँ दीं।